-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.08.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस का छद्म भेष धारण कर चोरी, लूट, टप्पेबाजी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह "ईरानी गैंग" के 02 सदस्यों को थाना मटौंध, थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के पैर में लगी गोली।**
- **अभियुक्तों द्वारा विगत दिनों जनपद में कई घटनाओं को दिया गया था अंजाम। अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, पुलिस का आईडी कार्ड, अवैध तमंचा कारतूस व फर्जी नम्बर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 24.08.2025 को थाना मटौंध, थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस का छद्म भेष धारण कर चोरी, लूट, टप्पेबाजी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह **"ईरानी गैंग"** के 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि जनपद के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में विगत दिनों अभियुक्तों द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया गया था। हाल ही में दिनांक 22.08.2025 को ई-रिक्शा से कार्यालय जा रही महिला को रास्ते में पुलिस का आईडी कार्ड दिखाकर रास्ते में सोने-चांदी के आभूषण न पहनने की बात कहते हुए उनसे टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अभियुक्तों की पहचान व शीघ्र गिरफ्तारी हेतु कई टीमों को लगाया। वैज्ञानिक एवं तकनीकि माध्यमों से जांच एवं **"ऑपरेशन त्रिनेत्र"** द्वारा लगाए गए कैमरों से निकाले गए सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से अभियुक्तों की पहचान की गई। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सूचना पर अभियुक्तों को थाना मटौंध क्षेत्र अन्तर्गत गोयरा मुगली के पास से गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर है। अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, अवैध तमंचे, कारतूस, कूटरचित पुलिस के आईडी कार्ड, घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त ईरानी गैंग के सदस्य हैं तथा उ0प्र0, म0प्र0, राजस्थान आदि राज्यों में पुलिस की कूटरचित आईडी कार्ड का प्रयोग कर चोरी, लूट, टप्पेबाजी आदि घटनाओं को अंजाम में देते थे, जनपद बांदा में भी इन्होने कई घटनाओं को अंजाम दिया गया जिनमें 04 प्रकरणों अभी तक इनके नाम प्रकाश में आए हैं। गिरोह की आपराधिक गतिविधियों की जांच की जा रही है जिसके क्रम में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

बरामदगी-

- 03 अदद् चैन पीली धातु
- 04 अदद् अंगूठी पीली धातु
- 01 जोड़ी कान की बाली पीली धातु
- 01 अदद् छल्ला पीली धातु
- 10 नग स्टोन
- 02 अवैध तमंचा 315 बोर
- 03 जिन्दा व 04 खोखा कारतूस
- एक फर्जी नम्बर प्लेट अपाचे मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त)
- पुलिस का आईडी कार्ड कूटरचित

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. सलमान अली ईरानी पुत्र सज्जाद अली नि0 टिकरिया टोला थाना बुरहार जनपद शहडोल (म0प्र0)
2. साहिल फ़िरोज ईरानी पुत्र फ़िरोज अली नि0 चिंचला लालबाग बुरहानपुर (म0प्र0)

थाना कोतवाली नगर से संबधित अनावरित अभियोग-

1. मु0अ0सं0 332/25 धारा 318(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर
2. मु0अ0सं0 377/25 धारा 304 बीएनएस थाना कोतवाली नगर
3. मु0अ0सं0 380/25 धारा 318(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर
4. मु0अ0सं0 689/25 धारा 318(4) बीएनएस थाना कोतवाली नगर

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 कोतवाली नगर मय टीम
2. प्रभारी एसओजी मय टीम
3. थानाध्यक्ष मटौंध मय टीम